महाराष्ट्र राज्यस्तर मीडिया ट्रेनिंग संपन्न

जलगांव में 200 से अधिक भाई बहनोंने लिया पत्रकारिता प्रशिक्षण

मीडिया विंग द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सायबर, टि.व्ही. रेडियो,फोटो पत्रकारिता प्रशिक्षण

जलगांव - मीडिया प्रभाग, राजयोग शिक्षा एवम् शोध प्रतिष्ठान तथा नॉर्थ महाराष्ट्र मीडिया सर्विस सेंटर, जलगांव की ओरसे अनुभूती इंटरनॅशनल जैन वैली में पाच दिवसीय महाराष्ट्र राज्यस्तर मीडिया ट्रेनिंग का आयोजन हुआ. इसमे महाराष्ट्र राज्यके 200 से अधिक भाई बहनोनें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सायबर, टि.व्ही. रेडियो,फोटो पत्रकारिता प्रशिक्षण लिया.

ट्रेनिंग के प्रथम सत्र में प्रो. कमल दीक्षित ने प्रिंट मीडिया, समाचार लेखन, भेट वार्ता, समाचार लेखन के सिध्दांत, समाचार के प्रारुप विषयपर प्रॅक्टीकल सहित प्रशिक्षण दिया. दुसरे सत्र में फोटो पत्रकारिता विषयपर सुमीत देशमुख तथा श्री. राजेश राजोरे, खामगांव ने प्रशिक्षण दिया. डॉ. सोमनाथ वडनेरे ने सायबर मीडिया, वेब जर्नालिझम, साक्षात्कार, तथा टिवी पत्रकारिता का प्रशिक्षण दिया. माऊंट आबू से रेडिओ मधुबन के हेड बी.के.यशवंत पाटील तथा रेडिओ जैकी बी.के. रमेशभाईने रेडिओ पत्रकारिता संपादन तथा कार्यक्रम निर्मिती, अँकरींग कला आदिपर अपना अनुभवयुक्त तथा प्रॅक्टीकल ट्रेनिंग दिया. ऑल इंडिया रेडिओ की निवृत्त उद्घोषिका बहन डॉ. उषा शर्मा ने रेडिओ पत्रकारिता के नये आयाम पर ट्रेनिंग दिया. ट्रेनिंग से महाराष्ट्र के हर सेवाकेंद्र के प्रतिनिधी के रूप में समर्पित बहने,भाई, तथा मीडिया क्षेत्र आने वाले युवाओंने अनुभव युक्त ट्रेनिंग लेकर इस क्षेत्र में आगे बढने की उम्मीद जताई.

इस अवसरपर डॉ. सोमनाथ वडनेरे लिखित पत्रकारिता प्रशिक्षण तथा तंत्र किताब का विमोचन उत्तर महाराष्ट्र विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. पी.पी.पाटील, वरिष्ठ पत्रकार प्रो. कमल दीक्षित तथा मान्यवरों के शुभकरमलोद्वारा संपन्न हुआ. इस किताब ट्रेनिंग में सहभागीयों को अध्ययन साहित्य के रूप में दिया गया.

इस ट्रेनिंग को मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष, बी.के. करुणाभाईजी, उपाध्यक्ष, बी.के. आत्मप्रकाशभाईजी, मधुबन कोर्डिनेटर शांतुनूभाईजी, नॅशनल कोर्डिनेटर सुशांतभाई तथा आस्पिभाईजी , महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश क्षेत्रीय निर्देशिक्षीका ब्र.कु. संतोषदीदी इनकी शुभकामनायें प्राप्त थी.

ट्रेनिंग का उद्‌घाटन तथा फोटो पत्रकारिता विषयपर सम्मेलन संपन्न हुआ. ब्र.कु. मधुकरभाईजी , ज्येष्ठ सदस्य, मीडिया सर्विस सेंटर, जलगांव ने प्रास्ताविक किया. ट्रेनिंग के उद्देश्य स्पष्ट करतें हूए डॉ. सोमनाथ वडनेरे, प्रशिक्षक, महाराष्ट्र राज्यस्तर मीडिया ट्रेनिंग तथा कोर्डिनेटर, नॉर्थ महाराष्ट्र मीडिया सर्विस सेंटर, जलगांव ने कहा कि, महाराष्ट्र के हर सेवाकेंद्र से भाई बहनों को मीडिया के सभी अंगों का अनुभव तथा प्रॅक्टीकल ज्ञान हो इसलिए यह ट्रेनिंग का आयोजन हुआ है. मुख्य संबोधन मे प्रो. कमल दीक्षित, मुख्य प्रशिक्षक, महाराष्ट्र राज्यस्तर मीडिया ट्रेनिंग, जलगांव तथा समन्वयक, सोसायटी ऑफ मीडिया इनिशिएटीव्ह फॉर वैल्यूज, इंदौर ने कहा की शांतिवन के बाद भारत में यह पहली ट्रेनिंग है जिसमें विस्तार से पाच दिवसीय मीडिया प्रशिक्षण मिलेगा. ब्रह्माकुमारी मिनाक्षीदीजी का उन्होनें धन्यवाद दिया.

इस अवसरपर डॉ. सुधीर भटकर, डिपार्टमेंट ऑफ मास कम्युनिकेशन, उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय,जलगांव, श्री. मनोज बारी, आवृत्ती संपादक, दै. देशोन्नती, जलगांव, श्री. भगवान सोनार, अध्यक्ष, अ.भा. ग्रामीण पत्रकार संघ, जलगांव इन्होने फोटो पत्रकारिता तथा उसे नये आयाम विषयपर प्रकाश डाला. ब्र.कु.मिनाक्षादीदी, उपक्षेत्रीय निर्देशिका, जलगांव उपक्षेत्रने आशीर्वचन व्यक्त किये मंचसंचलन ब्रह्माकुमारी विद्याबहन, अमलनेर तथा आभार प्रकटन - ब्र.कु. शांतारामभाईजी, वरिष्ठ राजयोगी, जलगांव उपक्षेत्र ने किया.